भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ता सुनेंगी ''मन की बात''

जयपुर। भाजपा महिला मोर्चा रविवार प्रातः 11 बजे सांगानेर स्थित कैंप ऑफिस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण करेगा।

खोया पाया

संदीप कुमार पुत्र श्रीराम मेघवाल निवासी नांगल उदिया तहसील मुंडावर जिला ख़ैरथल तिजारा यह है कि मेरा प्लॉट खसरा नंबर 72 नांगल उदिया के कागजात रास्ते में कहीं गिर गए हैं यदि किसी को मिले तो निम्न मोबाइल नंबर पर सूचना देवे- 8107831081

नाम परिवर्तन

मैंने अपना Name Arti Chundawat se Aarti Chundawat कर दिया है भविष्य में मुझे इसी से जाना जाए

मैं आर्मी न. JC-290089A सूबेदार (गनर) देवेंद्र कुमार सिंह। यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट। मेरे सैन्य दस्तावेजों मे मेरे माता जी का नाम। अभी राजी सिंह (ABHI RAJI SINGH) और जन्मदिनाँक 01.07.1951 है जो की गलत है। मेरे माता जी का सही नाम अभीरजीया देवी (ABHIRAJIYA DEVI) और जन्मदिनाँक 01-01-1955 है।

I have changed my name from Kavita Brahamwar to Kavita Khanna W/o Pankaj Khanna after marriage R/o E-4, Bank Colony, Ambabari, Jaipur. For all purpose.

I Army no 15149377P Ex NK (DMT) Vikram Singh Yadav resident of village jodhpura post mohanpura tehsil Kotputli district jaipur that i want to change name of my spouse from ARATI DEVI to ARTI YADAV vide affidavit date 22/04/26 before sub divisional majistrate kotputli behror

I army no 2691366M Ex NK Devendra Singh resident of plot no 30 Chand Bihari nagar khatipura Jaipur that i want to change name of my spouse from NITESH KANWAR To NITESH SHEKHAWAT vide affidavit dated 23/4/26 before sub divisional majistrate Jaipur first Jaipur

I km seema devi D/O army no 2870486F Late HAV ashok kumar resident of plot 215 bhartendu nagar khatipura jhotwara jaipur that I want to change my name from KM SEEMA DEVI To SEEMA SHEKHAWAT vide affidavit dated 13,/4/26 before tehsildar office jaipur

जयपुर बाल्मिकी गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर (राज.) रजि. नं. 2511 एल
33, जोशी कॉलोनी, टोंक फाटक, जयपुर-302015
पत्र संख्याः JPR/26/291 दिनांकः 25/04/2026
आम सूचना- सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि समिति कि योजना दधीची नगर स्थित सीकर रोड़ जयपुर में भूखण्ड संख्या A-46 क्षेत्रफल 200 वर्गगज समिति के उपलब्ध रिकॉर्डनुसार श्री सीताराम बलाई पुत्र श्री अणदाराम को दिनांक 19.08.2000 को आवंटित दर्ज है। आवंटित सदस्य द्वारा समिति से जारी मूल दस्तावेज (आवंटन पत्र, रसीद, साइडप्लान) खो जाने बाबत एक गुमशुदगी की रिपोर्ट No-279970062401409/2024 दिनांक 08.07.2024 को दर्ज करवाकर शपथ पत्र व स्व प्रमाणित प्रतियों के माध्यम से उपरोक्त वर्णित भूखण्ड संख्या A-46 के डुप्लीकेट दस्तावेज श्री सीताराम बलाई पुत्र श्री अणदाराम के नाम से जारी करने का निवेदन समिति कार्यालय में किया गया है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के डुप्लीकेट दस्तावेज जारी करने पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो समिति कार्यलय 33, जोशी कॉलोनी टोंक फाटक बरकत नगर जयपुर पर मय दस्तावेज 15 दिवस में सम्पर्क करें अन्यथा 15 दिवस पश्चात नियमनुसार भूखण्ड के डुप्लीकेट दस्तावेज जारी कर दिये जायेंगे। इस बाबत समिति अथवा समिति के पदाधिकारियों को कोई जवाब दे ही नहीं होगी। सूचित रहें। **जरिये अध्यक्ष/मंत्री**

आम सूचना **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
रामकिशोर व्यास भवन,
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक: F-JDA/Zone 08/2026/D-187
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 287534 दिनांक 15/03/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी /लीज धारक का नाम	भू. ख.	भू. क्षे.	गृ.नि. स.स./ निजी स्थापोदाती /जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1	Manak Chand Jotwani S/o Late Dularam	श्री मानक चन्द जोतवानी पुत्र स्वo श्री दूलाराम	172	200.00 SQ. YARD	Cooperative	Sachiwaliya Vihar Scheme No-27	Issue of [Lease /Free Hold] Deed (E Patta)	सहकारी समिति की गृह रजीट

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। **उपेंद्र शर्मा**
उपायुक्त, जोन-08 जविप्रा, जयपुर

आम सूचना
मैं रूखसार बानो पुत्री श्री मुन्ना खान मेरे प्लाट बाबा.आर. एन.गौड सहकारी समिति के कागज प्लाट नं.17A गोविन्द विहार, गोविन्द नगर, सांगानेर, जयपुर का पट्टा, साइड प्लान व रसीद सांगानेर बाजार में गिर गये है। मिलने पर सूचित करें। रूखसार बानो- 7737449816

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में 250 में से 197 स्वर्ण पदक छात्राओं के नाम

35वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उपराष्ट्रपति और राज्यपाल

जयपुर (कासं)। जयपुर स्थित राजस्थान विश्वविद्यालय का 35वां दीक्षांत समारोह शनिवार को गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि युवा देश के सच्चे राष्ट्र निर्माता हैं और उन्हें अपने ज्ञान, कौशल और नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को राष्ट्रहित से जोड़ने और रोजगार मांगने के बजाय रोजगार सृजनकर्ता बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत1947' विजन का उल्लेख करते हुए युवाओं को उद्यिमता और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

उपराष्ट्रपति ने इस बात पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की कि वर्ष 2024-25 में वितरित 250 गोल्ड मेडल में से 197 महिला विद्यार्थियों ने हासिल किए हैं। उन्होंने इसे बदलते भारत की सकारात्मक तस्वीर बताते हुए कहा कि नारी शक्ति देश की नींव है और इसे और सशक्त करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे प्रयास महत्वपूर्ण हैं।समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किसानराव बागडे ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए ईमानदारी, नैतिकता और राष्ट्रप्रेम सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए इसे राष्ट्र के लिए खतरा बताया और इससे दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा देश के युवाओं को कमजोर बना रहा है और इसे रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से भारत को समर्थ और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में योगदान देने का आव्हान किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को स्टेट हैंगर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन को दिल्ली प्रस्थान से पहले पुष्प गुच्छ भेंटकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

- युवा राष्ट्र निर्माता, ज्ञान का उपयोग विकसित भारत के निर्माण में करें: उपराष्ट्रपति

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री प्रेम चंद बैरवा ने भीमराव अंबेडकर को स्मरण करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने युवाओं को धैर्य, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। राज्यसभा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि इसकी आधारशिला सी. राजगोपालाचारी द्वारा रखी गई थी। कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। समारोह में राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को उपाधियां एवं पदक प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ऑपरेशन एंटी वेनम : 6 लाख का डोडा-चूरा सहित तस्कर गिरफ्तार

दूदू थाना पुलिस ने 40 किलो 550 ग्राम अवैध डोडा छिलका के साथ तस्कर को दबोचा।

जयपुर। जयपुर ग्रामीण पुलिस के ऑपरेशन एंटी वेनम अभियान के तहत दूदू थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए स्कूटी सवार एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध डोडा-छिलका बरामद किया है।

जयपुर ग्रामीण एसपी हनुमान प्रसाद ने बताया कि रेंज आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशानुसार 1 से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा के सुपरवीजन और थानाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान संदिग्ध स्कूटी को रुकवाया।

तलाशी लेने पर स्कूटी पर रखे दो प्लास्टिक कट्टों में अवैध डोडा-छिलका मिला। वजन करने पर इसकी मात्रा 40 किलो 550 ग्राम पाई गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी रामवतार (30) निवासी बाना की ढाणी धांधोली (दूदू) को गिरफ्तार कर स्कूटी जब्त कर ली है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर नशा तस्करी के नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है, साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि खेप कहां से लाई गई और किसे सप्लाई की जानी थी। इस कार्रवाई में थानाधिकारी मुकेश कुमार, एएसआई बाबूलाल, कांस्टेबल सांवरमल, प्रकाश और महेश की विशेष भूमिका रही।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कल आएंगे राजस्थान

टोंक सहित 7 भाजपा कार्यालयों का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास

जयपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार को प्रदेश प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार प्रदेश आ रहे नितिन नवीन के स्वागत में प्रदेशवासी राजस्थानी परंपरा से स्वागत करेंगे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार प्रातः 10.30 बजे जयपुर एयरपोर्ट आएंगे। यहां से रवाना होकर 11.15 बजे टोंक पहुचेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन टोंक में 11.30 बजे टोंक भाजपा जिला कार्यालय सहित बूंदी, प्रतापगढ, डूंगरपुर, चूरू, पाली, बाडमेर कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस दौरान जालोर भाजपा जिला कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह का सीधा लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कार्यकर्ताओं व आमजन को संबोधित करेंगे।

बगड़ी ने बताया कि टोंक से रवाना होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 2.30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पहली बार प्रदेश मुख्यालय पहुंचने पर जयपुर एयरपोर्ट से प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न जगहों पर उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ता एयरपोर्ट से कार्यालय तक बाइकों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के वाहनों की अगुवाई करते हुए जुलुस के साथ चलेंगे। जयपुर एयरपोर्ट के बाद,पत्रिका गेट, डब्ल्यू टीपी, शिक्षा संकुल, कनोडिया कॉलेज गांधी सर्किल, जेडीए सर्किल, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल, बाइस गोदाम सर्किल, राजमहल पैलेस पर स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पहुंचने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का यहां भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक और कोर कमेटी की बैठक होगी। बैठक के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

बोत्सवाना के उच्चायुक्त ने जयपुर डेयरी की कार्यप्रणाली को सराहा

जयपुर। बोत्सवाना के उच्चायुक्त गिल्बर्ट शीमाने मंगोल ने शनिवार को जयपुर डेयरी प्लांट का निरीक्षण किया और सरस डेयरी की कार्यप्रणाली की खुलकर प्रशंसा की। डेयरी की व्यवस्थाओं को देखकर वे अत्यंत प्रभावित हुए और अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे वंडरफुल, ग्रेट, आई एम इम्प्रेस्ड तथा वाइड रेंज ऑफ क्वालिटी मिल्क प्रोडक्ट्स जैसे शब्दों में सराहा।

जयपुर डेयरी को एक आदर्श डेयरी मॉडल बताते हुए उन्होंने कहा कि इस मॉडल को अपने देश बोत्सवाना में भी लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने उन्हें बताया कि जयपुर डेयरी से जुड़े कुल दुग्ध उत्पादकों में आधे से अधिक महिलाएं हैं। यह जानकर उच्चायुक्त ने विशेष आश्चर्य और प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने जयपुर डेयरी द्वारा संचालित मायरा योजना की सराहना करते हुए राज्य में दुग्ध उत्पादकों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी प्रशंसा की।जयपुर डेयरी के उचाधिकारियों ने उच्चायुक्त एवं आरसीडीएफ की प्रबंध संचालक का स्वागत किया तथा उन्हें जयपुर डेयरी प्लांट, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट, टेट्रा पैक प्लांट एवं डेयरी की विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

बोत्सवाना के उच्चायुक्त गिल्बर्ट शीमाने मंगोल ने शनिवार को जयपुर डेयरी प्लांट का निरीक्षण किया।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला पुलिस कांस्टेबल गिरफ्तार

जयपुर। राजधानी में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। राजस्थान पुलिस में तैनात एक कांस्टेबल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार जयपुर निवासी 24 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज कराया कि नवंबर 2025 में जोधपुर में तैनात एक कांस्टेबल से उसकी शादी की बात चली थी।

इस दौरान आरोपी ने मुलाकात के लिए उसे जयपुर बुलाया और दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत शुरू हो गई। जनवरी 2026 में आरोपी कांस्टेबल छुट्टी लेकर जयपुर आया और युवती को होटल में मिलने के लिए बुलाया। आरोप है कि वहां आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया।

विरोध करने पर उसने जल्द शादी करने का भरोसा देकर उसे चुप करा दिया। इसके बाद आरोपी ने 2-3 बार और मुलाकात की, लेकिन जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने साफ इनकार कर दिया।

धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने परिजनों को जानकारी देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मेडिकल जांच व पर्चा बयान के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

सैशन सिटी ऑफ आर्टिस्ट्स का आयोजन

जयपुर। कला, संस्कृति और विधि जगत से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया। मौका था सी-स्कीम स्थित आईसीए गैलरी में शनिवार को एक विशेष संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के जाने-माने आईपी सलाहकार सफ़िर आनंद ने एक ख़ास सेशन सिटी ऑफ आर्टिस्ट्स को सम्बोधित किया।

जयपुर सहित 7 शहरों में हल्की बारिश

राजसमंद में गिरे ओले, बाड़मेर में पारा 46 डिग्री पहुंचा

जयपुर। राजस्थान में तेज गर्मी के बीच अचानक मौसम बदल गया। प्रदेश के सात शहरों में बारिश हुई। प्रदेश के 6 शहरों का पारा 44 डिग्री के पार दर्ज किया गया। बाड़मेर सबसे गर्म रहा, यहां 46 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार दोपहर बाद मौसम पलटा। जयपुर, बीकानेर, पिलानी, सीकर, सवाई माधोपुर और बाडमेर जिले में शनिवार को बारिश हुई। राजसमंद जिले में बारिश के साथ ओले भी गिरे। बीकानेर के नोखा में दोपहर में अचानक मौसम बदला और बारिश हुई। वहीं सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी में दोपहर 3 बजे आधे घंटे तक तेज बरसात हुई। राजसमंद जिले के कुंभलगढ़ में शाम 4 बजे के बाद आधे घंटे तक बारिश हुई। कुछ जगह ओले भी गिरे। सीकर में शाम करीब 4:15 बजे तेज धूप के बीच 5 मिनट तक बारिश हुई। इसके बाद लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। झुंझुनूं में दोपहर बाद आंधी के साथ बारिश हुई।

मौसम विभाग ने 25 और 26 अप्रैल को हीटवेव की चेतावनी दी है। वहीं दो दिन बाद एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) राज्य में सक्रिय होगा।

इसके प्रभाव से 16 जिलों में आंधी चलने के साथ कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। राज्य में कुछ जगहों पर उष्ण लहर और उष्ण रात्रि दर्ज होने के साथ ही मौसम शुष्क रहा। वर्तमान में अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री दर्ज किया जा रहा हैं जो औसत सामान्य तापमान से अधिक है।

ग्राम का रोड शो आज बैंगलुरु में

जयपुर। राजस्थान को कृषि नवाचार और एग्रीटेक निवेश का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में राजस्थान सरकार एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इसी क्रम में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' के तहत 26 अप्रैल रविवार को बेंगलुरु में रोडशो आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा किया जा रहा है। यह रोडशो देश के प्रमुख टेक और स्टार्टअप हब बेंगलुरु में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एग्रीटेक क्षेत्र में निवेश आकर्षित करना, तकनीकी साझेदारियों को बढावा देना तथा राजस्थान की कृषि क्षमताओं और नीतिगत प्रोत्साहनों को उद्योग जगत के समक्ष प्रस्तुत करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ किरोड़ीलाल उपस्थित रहेंगे। वे राज्य में कृषि और एग्रीटेक क्षेत्र के विकास, निवेश-अनुकूल वातावरण और भविष्य की रणनीतियों पर अपने विचार साझा करेंगे।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 167/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री पंकज शर्मा पुत्र श्री कालूराम निवासी ग्राम माहेश्वरी पो. माहेश्वरी जिला रेवाड़ी हरियाणा ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत बाबा जोतराम जी नशा मुक्ति फाउण्डेशन ट्रस्ट पुराना रोड़ तिजारा रोड़, आलमपुर भिवाड़ी, टपूकड़ा, जिला खैरथल-तिजारा, राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 21.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 29.06.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रशिक्षण बेहतर प्रशासन के साथ कार्यकुशलता व संवेदनशील निर्णय की आधारशिला : मुख्य सचिव

एचसीएम रीपा में वर्ष 2024 बैच के आई.ए.एस. प्रोबेशनर्स का विदाई सत्र हुआ

जयपुर (कासं)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एचसीएम रीपा) में वर्ष 2024 बैच के आईएएस प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रोबेशनर्स लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए), मसूरी में होने वाले आगामी 4 माह के अंतिम चरण के प्रशिक्षण को पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ संपन्न करें।

उन्होंने कहा कि अगस्त 2026 में उपखंड मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के रूप में कार्यभार संभालने के दौरान यह प्रशिक्षण उन्हें कार्यकुशलता और संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्य सचिव शुक्रवार को वर्ष-2024 बैच के आईएएस प्रोबेशनर्स के लिए आयोजित विदाई सत्र को संबोधित कर रहे थे।

हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान की महानिदेशक श्रेया गुहा ने मुख्य सचिव को प्रोबेशनर्स द्वारा प्रस्तुत की गई जिला प्रशिक्षण रिपोर्ट और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित प्रस्तुतियों का अवलोकन करवाया। इस दौरान गुहा ने एचसीएम रीपा संस्थान को देश के अग्रणी राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र बताते हुए यहाँ संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। गुहा ने प्रोबेशनर्स के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उन्हें भविष्य में लोक सेवा की उच्चतम मर्यादाओं को बनाए रखने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के दौरान प्रोबेशनर्स ने अपने जिला प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा करते हुए राज्य की प्रमुख विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और क्षेत्रीय चुनौतियों पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें धरातल पर प्रशासनिक व्यवस्थाओं को समझने और आमजन की समस्याओं के निराकरण का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ है। इन प्रस्तुतियों में राज्य के विकास के प्रति प्रोबेशनर्स के नवीन दृष्टिकोण को सराहा गया।


मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने एचसीएम रीपा में वर्ष 2024 बैच के आईएएस प्रोबेशनर्स को संबोधित किया। इस मौके पर महानिदेशक श्रेया गुहा भी मौजूद थी।

- अब यह प्रोबेशनर्स मसूरी में 4 माह के अंतिम प्रशिक्षण के लिए रवाना होंगे

इस अवसर पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हेमंत गेरा, अम्बरीष कुमार तथा समित शर्मा ने भी सभी युवा अधिकारियों को उनकी आगामी नई भूमिकाओं के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ भी प्रेषित कीं। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण के इस महत्वपूर्ण चरण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात 2024 बैच के यह अधिकारी अब अपने प्रशिक्षण के समापन के लिए मसूरी हेतु प्रस्थान करेंगे।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका किशनगढबास, खैरथल-तिजारा
क्रमांक-346 प्रारूप-10 नियम 6 (7) देखिए दिनांक-23/04/2016
लोक सूचना
आवेदक / खातेदार श्री शेरसिंह पुत्र श्री मवासी राम निवासी दयालपुर, किशनगढबास श्री महावीर प्रसाद पुत्र श्री नवासी राम निवासी ओदरा, किशनगढबास जिला खैरथल तिजारा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

जिले का नाम सहित तहसील	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
किशनगढबास खैरथल-तिजारा	दयालपुर हल्का पटवार	79,80,81	1.1800 है (11800 वर्गमीटर)

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मोहर के अधीन आज 23/04/2026 को जारी की गयी।
प्राधिकारी अधिकारी, नगरपालिका किशनगढबास